# अंतिम तिमाही में सरकार जुटाएगी 3 .84 लाख करोड़

**टी-बिल नीलामी कैलेंडर जारी, बाजार पर रहेगी नजर**

**91, 182 और 364 दिन के ट्रेजरी बिलों की नियमित नीलामी से जुटेगा फंड**



**नई दिल्ली, 30 दिसंबर. चालू वित्त वर्ष के अंतिम चरण में केंद्र सरकार ने अपनी नकदी जरूरतों को पूरा करने के लिए ठोस रणनीति तैयार कर ली है. सरकार ने जनवरी से मार्च 2026 के बीच ट्रेजरी बिलों के माध्यम से 3.84 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य तय किया है.**

इसके लिए वित्त मंत्रालय ने नीलामी का विस्तृत कैलेंडर जारी कर दिया है, जिससे बाजार और निवेशकों को पहले से स्पष्ट संकेत मिल सके. ट्रेजरी बिल सरकार द्वारा जारी किए जाने वाले अल्पकालिक ऋण उपकरण होते हैं, जिनकी मियाद एक साल से कम होती है. इन्हें अंकित मूल्य से कम कीमत पर जारी किया जाता है और परिपक्वता पर निवेशकों को पूरा अंकित मूल्य लौटाया जाता है. यही कारण है कि ये जोखिम रहित निवेश माने जाते हैं और बैंकों, वित्तीय संस्थानों तथा मनी मार्केट निवेशकों के बीच इनकी अच्छी मांग रहती है. सरकार का यह कदम ऐसे समय में आया है जब वित्त वर्ष के अंतिम महीनों में खर्च का दबाव बढ़ जाता है. बुनियादी ढांचे, सामाजिक योजनाओं और नियमित प्रशासनिक जरूरतों के लिए नकदी प्रबंधन अहम हो जाता है. ऐसे में ट्रेजरी बिलों के जरिये फंड जुटाना सरकार के लिए एक संतुलित और व्यावहारिक विकल्प माना जा रहा है. केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 की अंतिम तिमाही के लिए ट्रेजरी बिलों की नीलामी का कैलेंडर जारी करते हुए कुल 3,84,000 करोड़ रुपये जुटाने की घोषणा की है.

> वित्त मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि भारतीय रिजर्व बैंक को बाजार की स्थिति और नकदी जरूरतों के अनुसार इस कैलेंडर या नीलामी राशि में बदलाव करने का अधिकार होगा. किसी भी बदलाव की जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी जाएगी. विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार का यह कदम वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता को दर्शाता है. पहले से जारी कैलेंडर से बाजार सहभागियों को योजना बनाने में मदद मिलती है और ब्याज दरों पर अचानक दबाव नहीं पड़ता.

## रुपया आठ पैसे कमजोर

**मुंबई, 30 दिसंबर.** अंतरबैंकिंग



मुद्रा बाजार में रुपया सोमवार को आठ पैसे टूटा और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 89.9825 रुपये का बोला गया. भारतीय मुद्रा लगातार तीसरे दिन कमजोर हुई है. पिछले कारोबारी दिवस पर यह 19 पैसे गिरकर 89.90 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी. रुपया आज शुरू से ही दबाव में रहा. यह पांच पैसे नीचे 89.95 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और ऊपर 89.89 रुपये तथा नीचे 89.99 रुपये प्रति डॉलर पर गया. अंत में 89.9825 रुपये प्रति डॉलर पर रहा. विदेशी संस्थागत निवेशकों के भारतीय पूंजी बाजार से पैसे निकालने और दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर में तेजी से रुपये पर दबाव रहा.

# जेएसडब्ल्यू एमजी ने ईवी बायबैक योजना उतारी

**गुरुग्राम, 30 दिसंबर. आज जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपने इलेक्ट्रिक वाहनों पर एश्योर्ड बाय बैक प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की, ताकि ग्राहकों के लिए इलेक्ट्रिक वाहन खरीदना और अधिक आसान व सुगम हो सके.**

इस घोषणा के बाद जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया देश का पहला कार ब्रांड बन गया है, जो अपने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए मौजूदा 3 साल से 5 साल तक की अवधि के लिए एश्योर्ड बायबैक प्रदान कर रहा है. इस प्रोगाम द्वारा इलेक्ट्रिक वाहन के खरीदारों को निर्धारित अवधि के बाद अपने वाहन के लिए फिक्स्ड रिसेल वैल्यू मिल सकेगी. इस नए व अद्वितीय प्रोग्राम के माध्यम से एमजी इलेक्ट्रिक वाहन के मालिकों को चयनित प्लान के आधार पर 3 साल, 4 साल या 5 साल के बाद गारंटीड रिसेल वैल्यू प्राप्त होगी. इस प्रोग्राम ने एमजी मोटर की मौजूदा पेशकशों को मजबूत बनाया है, जिसके अंतर्गत स्वामित्व के 3 सालों के बाद 60 प्रतिशत तक की बाय-बैक वैल्यू की गारंटी मिलेगी. इसका संचालन किसी भी लोन या फाईनेंस स्कीम से अलग स्वतंत्र रूप से होगा. देश में पहली बार कमर्शियल एमजी जैड एस इलेक्ट्रिक वाहनों के मालिक अपने 3 साल तक पुराने एमजी वाहनों पर रिसेल के लाभ प्राप्त कर सकेंगे तथा उन्हें प्रतिवर्ष 60,000 रुपये तक का माईलेज मिलेगा. इस इनोवेटिव बायबैक प्रोग्राम के बारे में जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, अनुराग महरोत्रा ने बताया कि ''एमजी ने एक ग्राहक केंद्रित ब्रांड के रूप में बी-ए-ए-एस और ई.वी बैटरी पर लाईफ टाईम वॉरंटी जैसे प्रोग्राम पेश किए हैं.




# रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आई सोना-चांदी की कीमतें

**एक दिन में 21 हजार टूटी चांदी, बाजार में हलचल**

**नई दिल्ली, 30 दिसंबर. रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के ठीक बाद सोने और चांदी की कीमतों में आई तेज गिरावट ने निवेशकों को चौंका दिया है. बीते कुछ दिनों से लगातार चढ़ाव के बाद सोमवार को मेटल मार्केट में अचानक बड़ा करेक्शन देखने को मिला. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी ने जहां दिन की शुरुआत ऑल टाइम हाई से की, वहीं दिन खत्म होते-होते कीमतों में ऐतिहासिक गिरावट दर्ज हुई.**

सोने और चांदी की कीमतों में इस अचानक आई गिरावट से बाजार में असमंजस की स्थिति बन गई है. निवेशकों के मन में सवाल उठ रहे हैं कि क्या यह गिरावट सिर्फ अस्थायी है या आने वाले दिनों में कीमती धातुओं की कीमतें और नीचे जा सकती हैं. खासकर चांदी में एक ही दिन में करीब 21 हजार रुपये प्रति किलो की गिरावट ने बाजार को हिला दिया. विशेषज्ञों के मुताबिक यह गिरावट लंबे समय से चली आ रही तेजी के बाद स्वाभाविक करेक्शन मानी जा रही है, लेकिन भू-राजनीतिक हालात



और निवेशकों की रणनीति भी इसमें बड़ी भूमिका निभा रही है.

सोने और चांदी की कीमतों में सोमवार को आई तेज गिरावट को हाल के वर्षों की सबसे बड़ी गिरावटों में गिना जा रहा है. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी की कीमतें सुबह के कारोबार में 2,54,174 रुपये प्रति किलो के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थीं, लेकिन शाम होते-होते भारी दबाव में आ गईं. कारोबार खत्म होने तक चांदी 2,23,502 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई, यानी एक ही दिन में लगभग 21,000 रुपये की गिरावट दर्ज की गई.

विशेषज्ञों के अनुसार चांदी में इस तरह की बड़ी गिरावट पहली बार देखी गई है, जब एक ही दिन में कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई छूने के बाद इतनी तेजी से नीचे आई हों. दिन के दौरान कई बार कीमतों में संभलने की कोशिश भी हुई, लेकिन बिकवाली का दबाव बना रहा.

> बाजार जानकारों का कहना है कि सोने-चांदी की कीमतें कई कारकों से प्रभावित होती हैं, जिनमें वैश्विक बाजार की चाल, भू-राजनीतिक तनाव, डॉलर की मजबूती, डिमांड-सप्लाई और निवेशकों का रुख प्रमुख है. हालिया गिरावट के पीछे लंबे समय से जारी तेजी के बाद करेक्शन, ट्रेडर्स पर मार्जिन का दबाव, भू-राजनीतिक तनाव में कमी और मुनाफावसूली जैसे कारण माने जा रहे हैं.

# म्यूचुअल फंड सबसे लोकप्रिय विकल्प

**राउंडअप 2025**

**मुंबई, 30 दिसंबर. सेवानिवृत्ति के बाद की जरूरत देश में लोगों की अब पहली प्राथमिकता बन गयी है और लोग सेवा निवृत्ति के बाद के बारे में महत्वाकांक्षी बन रहे हैं लेकिन इसको लेकर वास्तविक वित्तीय तैयारी रखने वालों का अनुपात तेजी से गिरा है. यह बात पीजीआईएम इंडिया म्यूचुअल फंड की सोमवार को जारी रिटायरमेंट रेडीनेस रिसर्च रिपोर्ट-2025में सामने आयी है.**

रिपोर्ट के इस तीसरे संस्करण में कहा गया है कि दो वर्ष पहले जारी रिपोर्ट में रिटायरमेंट की योजना को लेकर चिंता 8वें स्थान पर थी लेकिन अब लोग सेवानिवृत्ति के बाद अपने परिवार केंद्रित चिंताओं से बढ़ कर जीवन शैली लाइफस्टाइल और उद्यम के लक्ष्यों के बारे में ज्यादा सोचने लगे हैं. सर्वे आधारित इस रिपोर्ट में कहा गया है कि सेवानिवृत्ति के बाद की महत्वाकांक्षाओं में इस विस्तार के बावजूद वास्तविक योजना के मामले में लोग पीछे हैं. रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 में बढ़ी और बदलती आकांक्षाओं के समक्ष 37 प्रतिशत लोगों के पास अपनी सेवानिवृत्ति को लेकर ठोस योजना थी.

रिपोर्ट के अनुसार 2023 में इस प्रकार के लोगों का अनुपात 67 प्रतिशत था. इसमें कहा गया है कि आज इंश्योरेंस-आधारित सुरक्षा पर निर्भर और सम्पत्ति के विस्तार के लक्ष्य रखने वालों के बीच अंतर तेजी से बढ़ा है. पहले लोग सेवानिवृत्ति के बाद पैसे की कमी के डर पर आधारित सोच के साथ सुरक्षा योजना बनाते थे. अब ज्यादा लोगों की सोच जीवन शैली और सम्मान की आकांक्षाओं पर आधारित हो रही है. इसमें लोग सेवानिवृत्ति बाद न केवल पैसे को लेकर सुरक्षित रहना चाहते हैं बल्कि अपनी शानो शौकत की आज़ादी भी चाहते हैं.

पीजीआईएम इंडिया एसेट मैनेजमेंट के सीईओ अभिषेक तिवारी ने कहा, जबकि रिटायरमेंट नंबर एक प्राथमिकता बन गया है, लेकिन तैयारी कम हो गई है. यह कोई नुकसान नहीं है, बल्कि सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है.

> रिपोर्ट के मुताबिक लोगों की भविष्य की वित्तीय योजना में म्यूचुअल फंड का दबदबा है. म्यूचुअल फंड अपनाने वालों का अनुपात 35 प्रतिशत तक पहुंच गया है जो 2023 में 24 प्रतिशत था. इसके साथ ही नयी पेंशन योजना एनपीएस, पीपीएफ (लोक भविष्य निधि) और रिटायरमेंट-केंद्रित फंड को भी बढ़ावा मिल रहा है. लोग रेइट जैसे नए ज़माने की निवेश योजनाओं को भी चुन रहे हैं रिपोर्ट के अनुसार प्राथमिकताओं में एक और बड़ा बदलाव भी सामने आया है. पारिवारिक सुरक्षा और स्वास्थ्य आपात स्थिति, जो कभी हावी थीं, अब सूची में नीचे आ गई हैं. उनकी जगह, लाइफस्टाइल में सुधार, करोबार शुरू करना और व्यक्तिगत संतुष्टि जैसी आकांक्षाएं तेज़ी से बढ़ रही हैं.

# 85 ट्रेनों की रफ्तार बढ़ी, 23 ट्रेनों का सफर हुआ छोटा

**अहमदाबाद, 30 दिसंबर. 01 जनवरी 2026 से अहमदाबाद मंडल पर नया टाइम टेबल लागू अहमदाबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने गुजरने वाली ट्रेनों के समय में बदलाव होने जा रहा है. पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मण्डल पर आगामी 01 जनवरी, 2026 से नई समय सारणी लागू की जा रही है.**

इसमें कुछ ट्रेनों की गति बढ़ाई जा रही है, जिससे यह ट्रेनें अपने वर्तमान निर्धारित समय से पहले गंतव्य पर पहुंचेगी. इस बार अहमदाबाद मंडल से होकर जाने वाली 85 ट्रेनों की गति बढ़ाई गई है साथ ही 23 ट्रेनों के यात्रा में लगने वाले समय में 05 मिनट से लेकर 40 मिनट तक की कमी की गई है. ट्रेनों की गति बढ़ाए जाने के फलस्वरूप यात्री ट्रेनों के परिचालन समय में कमी आई है.

इसका पूरा लाभयात्रियों को मिलेगा व उन्हें अपने गंतव्य पर पहुंचने में समय की बचत होगी. अहमदाबाद डिविजन पर इस दौरान विभिन्न स्टेशनों पर 110 ट्रेनों का समय प्रीपोन किया गया है जिसमें ट्रेनें अपने पहले के समय से 5 मिनट से लेकर 40 मिनट तक जल्दी आएंगी. इसी तरह 57 ट्रेनों का समय पोस्टपोन किया गया जिसमें ट्रेनें अपने पहले के समय से 5 मिनट से लेकर 45 मिनट तक देरी से आएंगी.

# नए साल पर एयर इंडिया ने बदले महाराजा क्लब किट

**नई दिल्ली, 30 दिसंबर. टाटा**




**समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने नये साल के मौके पर अपने गोल्ड और प्लेटिनम किटों में बदलाव की घोषणा की है.**

एयरलाइन ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि जो यात्री गोल्ड और प्लेटिनम स्टेटस के लिए योग्यता हासिल करते हैं उन्हें यात्रा के दौरान ये किट प्रदान किये जाते हैं. महाराजा क्लब प्लेटिनम वेलकम किट में एक लेदर फोलियो, सदस्यता कार्ड, फ्रिज मैगनेट, विशेष तौर पर तैयार दो लगेज टैग, पासपोर्ट होल्डर, विशेष ताश के पत्ते और स्मारक पीतल का मेडल प्रदान किया जायेगा. महाराजा क्लब गोल्ड वेल्कम किट में सदस्यता कार्ड, विशेष तौर पर तैयार दो लगेज टैग और एक्रिलिक टी कोस्टर होगा.

## आईसीआईसीआई प्रू वेल्थ फॉरएवर लॉन्च

**मुंबई, 30 दिसंबर.** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने 'आईसीआईसीआई प्रू वेल्थ फॉरएवर' नाम से एक नई विरासती बीमा योजना लॉन्च करने की घोषणा की है. यह योजना उन ग्राहकों के लिए तैयार की गई है, जो अपने परिवार को दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा और कर-मुक्त लाभ देना चाहते हैं.

कंपनी के अनुसार, इस पॉलिसी में लाइफ कवर की राशि हर महीने बढ़ती रहती है, जो ग्राहक की 99 वर्ष की उम्र तक जारी रहती है.

# आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने पेश किया मेटल कार्ड

**प्राइवेट बैंकिंग में आईडीएफसी का नया प्रीमियम कार्ड**

नई दिल्ली, 30 दिसंबर. आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने प्राइवेट बैंकिंग के ग्राहकों के लिए मेटल कार्ड गज पेश करने की घोषणा की है. यह कार्ड खास तौर पर बैंक के हाई-नेट-वर्थ वाले ग्राहकों के लिए पेश किया गया है और सिर्फ उन्हीं ग्राहकों को दिया जायेगा जिन्हें इसके लिए बैंक की तरफ से निमंत्रित किया जायेगा. गज क्रेडिट कार्ड बैंक की प्रीमियम मेटल कार्ड सीरीज




अश्व-मयूर-गज त्रिमूर्ति का सबसे खास हिस्सा है. संस्कृत में गज का अर्थ हाथी होता है जो शक्ति, बुद्धिमानी, स्थिरता और राजसी शान का प्रतीक है. गज क्रेडिट कार्ड आम ग्लोबल डिजाइन से अलग है. इसे धातु पर तैयार किया, इसका सिग्नेचर दो-हाथी वाला डिजाइन है. इस कार्ड की जॉइनिंग और वार्षिक फीस 12,500 रुपये है जिस पर जीएसटी अलग से देय होगा.

## समाचार विशेष

# बंगाल में तालमेल चाहते हैं हेमंत सोरेन



**रांची. बिहार के बाद अब हेमंत सोरेन की नजर पश्चिम बंगाल पर है. वे अपनी झारखंड मुक्ति मोर्चा का विस्तार झारखंड से बाहर करना चाहते हैं.**

इसके लिए बिहार, बंगाल, ओडिशा और छत्तीसगढ़ सबसे मुफीद राज्य हैं. उन्होंने बिहार में बहुत प्रयास किया था. वे दो सीटों पर भी लड़ने को तैयार थे लेकिन कांग्रेस और तेजस्वी यादव ने उनको ठेंगा दिखा दिया. वे आने वाले दिनों मे झारखंड में इसका हिसाब करेंगे. लेकिन अभी उन्होंने पश्चिम बंगाल पर फोकस किया है. बताया जा रहा है कि उनकी ओर से ममता बनर्जी की पार्टी से संपर्क किया गया है. वे चाहते हैं कि तृणमूल कांग्रेस के साथ जेएमएम का तालमेल हो. जानकार सूत्रों का कहना है कि वे प्रतीकात्मक तालमेल के लिए भी तैयार हो जाएंगे. इसका मतलब है कि अगर दो तीन सीट भी मिल जाए तो वे गठबंधन कर लेंगे. इससे उनकी पार्टी की पहचान मजबूत होगी. ध्यान रहे पश्चिम बंगाल में छह फीसदी से कुछ ज्यादा आबादी आदिवासी है. झारखंड की सीमा पश्चिम बंगाल के दक्षिण हिस्से से जुड़ती है व इलाके में खास कर पुरुलिया और बांकुडा में आदिवासी आबादी अच्छी खासी है. इसके अलावा उत्तर बंगाल में यानी दार्जिलिंग, कूचबिहार के आसपास के इलाके में भी आदिवासी बड़ी संख्या में हैं. छह फीसदी आदिवासी आबादी में ज्यादा हिस्सा संथाल आदिवासियों का है.

# यूडीएफ में टीएमसी को जगह देने का मतलब

**नई दिल्ली.** राजनीति में कुछ भी उलटबांसी संभव है. कांग्रेस पार्टी इस समय भाजपा और एनडीए की पार्टियों के अलावा जिन पार्टियों की ओर से सबसे ज्यादा विरोध झेल ही है उनमें टॉप पर ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस है.

प.बंगाल में कांग्रेस को तृणमूल से भी लड़ना है. लेकिन उसी तृणमूल कांग्रस के साथ उसने केरल में समझौता कर लिया है. केरल में कांग्रेस ने ममता बनर्जी की पार्टी को यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट यानी यूडीएफ के सहायक दल के रुप में साथ जोड़ा है. कहा जा रहा है कि लेफ्ट के साथ रहे और दो बार से निर्दलीय विधायक का चुनाव जीत रहे मुस्लिम नेता पीवी अनवर के कारण कांग्रेस ने तृणमूल से तालमेल किया है. गौरतलब है कि पिछले दिनों लेफ्ट मोर्चे से तालमेल खत्म करके अनवर ने तृणमूल का दामन थामा.अब सवाल है कि क्या केरल में कांग्रेस को मुस्लिम वोट के लिए किसी मुस्लिम चेहरे की जरुरत है? वहां कांग्रेस के प्रति मुस्लिम समुदाय का पूरा सद्भाव है. ईसाई और हिंदू वोट में लेफ्ट और भाजपा दोनों की टक्कर है लेकिन मुस्लिम वोट को लेकर कोई समस्या नहीं है.

दूसरे कांग्रेस के साथ पहले से इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग है. फिर क्यों उसने तृणमूल से तालमेल किया? यह किसी को समझ में नहीं आ रहा है. चुनाव में इसका मुद्दा बनेगा कि कांग्रेस पश्चिम बंगाल में तृणमूल से लड़ रही है और केरल में उसके साथ है. पिछले चुनाव में लेफ्ट को लेकर यह मुद्दा बना था क्योंकि लेफ्ट और कांग्रेस दोनों बंगाल में साथ लड़ रहे थे. इसे लेकर यह चर्चा भी शुरू हो गई है कि हो सकता है कि बंगाल में भी कांग्रेस और तृणमूल में तालमेल हो. अगर तृणमूल कुछ सीटें देकर भी तालमेल कर ले तो कांग्रेस के लिए केरल की राजनीति को जस्टिफाई करना आसान हो जाएगा.

**OFFICE OF THE DEPUTY COLLECTOR AND COMPETENT AUTHORITY**
**(Maitreya Group of Companies)**
**3rd FLOOR, MPID BRANCH, Old Custom House, Mumbai 400 001**

**NOTICE FOR ONLINE AUCTION**

**NOTICE OF SALE**

Pursuant to the attachment by the Government of Maharashtra under the Maharashtra Protection of Interest of Depositors (in Financial Establishment) Act, 1999 (MPID Act) and the directions of the Hon'ble MPID Court the **Competent Authority** (hereinafter referred to as "CA") has engaged **Quikr Realty Pvt Ltd** (hereinafter referred to as "the Agency") which has been appointed by Government of Maharashtra to assist in the sale of the properties attached and made absolute through e-auction **"as is where is and whatever there is basis".**

"CA" hereby invites bids from the intending bidders along with a bid deposit as mentioned in the table below as Earnest Money for each of the properties to be paid through NEFT/RTGS for sale of properties:

**Short Description of the Property;**

| Sr No | Location | Address | Area | Reserve Price | EMD Deposit (in INR) | Bid Increase Amount (In INR) | Last Date of Submission EMD | Date of Auction |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Madhya Pradesh | Survey no. 718 situated in P.H. No. 18 (now P.H. No. 109) Village Kalva, Taluka Moman Badodiya & District Shajapur, State Madhya Pradesh | 4.10 Hectare | 30,00,000 | 3,00,000 | 50,000 | 30th January 2026 up to 05:00 pm | 03rd February 2026, 11:00 am to 12:00 pm |
| 2 | Madhya Pradesh | Survey no. 673 situated in P.H. No. 18 (now P.H. No. 109) Village Kalva, Taluka Moman Badodiya & District Shajapur, State Madhya Pradesh | 3.70 Hectare | 27,00,000 | 2,70,000 | 50,000 | 30th January 2026 up to 05:00 pm | 03rd February 2026, 11:00 am to 12:00 pm |
| 3 | Madhya Pradesh | Survey no. 758 situated in P.H. No. 18 (now P.H. No. 109) Village Kalva, Taluka Moman Badodiya & District Shajapur, State Madhya Pradesh | 4.16 Hectare | 30,00,000 | 3,00,000 | 50,000 | 30th January 2026 up to 05:00 pm | 03rd February 2026, 11:00 am to 12:00 pm |
| 4 | Madhya Pradesh | Survey no. 763 situated in P.H. No. 18 (now P.H. No. 109) Village Kalva, Taluka Moman Badodiya & District Shajapur, State Madhya Pradesh | 3.71 Hectare | 27,00,000 | 2,70,000 | 50,000 | 30th January 2026 up to 05:00 pm | 03rd February 2026, 11:00 am to 12:00 pm |

1.The intending bidders are advised to refer to the detailed terms & conditions displayed on Quikr Realty's website **www.quikrrealty.com**
2.The interested bidders who require assistance may contact Quikr Realty Private Limited via e-mail ID:**auctions@quikrrealty.com or contact no. +91 9321575329 / 9930504931**
3.The sale shall be subject to the orders of MPID Court.

**Place : Mumbai**
**Date : 31st Dec 2025**

**Deputy Collector and Competent Authority Mumbai (Maitreya Group of Companies)**

**CAPRI GLOBAL CAPITAL LIMITED**

**कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड**

**पंजीकृत और कॉर्पोरेट कार्यालय 502, टॉवर-ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013, सर्कल ऑफिस पता - 9 बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, नई दिल्ली - 110060**

**मांग नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के अंतर्गत, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अंतर्गत कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (सीजीसीएल) के प्राधिकृत अधिकारी हैं। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत डिमांड नोटिस जारी किए हैं, जिसमें निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) ("उक्त उधारकर्ता(ओं)") को उन्हें जारी किए गए संबंधित डिमांड नोटिस में उल्लिखित राशियों को चुकाने के लिए कहा गया है, जो नीचे भी दिए गए हैं। उपरोक्त के संबंध में, उक्त ऋणी(यों) को एक बार फिर सूचित किया जाता है कि वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर, नीचे उल्लिखित राशियाँ, साथ ही नीचे उल्लिखित तिथि(यों) से भुगतान और/या वसूली की तिथि तक लागू ब्याज, उक्त ऋणी(यों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों/लेखों, यदि कोई हों, के साथ पठित ऋण समझौते के अंतर्गत देय, सीजीसीएल को अदा करें। ऋण की उचित अदायगी हेतु प्रतिभूति के रूप में, उक्त ऋणी(यों) द्वारा निम्नलिखित संपत्तियाँ क्रमशः सीजीसीएल के पास गिरवी रखी गई हैं।

| स. क्र. | उधारकर्ता (ओं)/ गारंटर (ओं) का नाम | मांग नोटिस की तिथि और राशि | सुरक्षित परिसंपत्ति (अचल संपत्ति) का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | (ऋण खाता संख्या) LNMEIN1000076285 (पुराना) 80400005656451 (नया) (इंदौर शाखा) श्री विष्णु बोरदिया (उधारकर्ता) श्रीमती कविता बोरदिया (सह-उधारकर्ता) | 09.12.2025 रु. 28,85,261/- (03.12.2025 तक) | आवासीय संपत्ति का पूरा टुकड़ा और पार्सल जिसमें भूमि और भवन/मकान संख्या 925, क्षेत्रफल 1520 वर्ग फुट (अर्थात 141.26 वर्ग मीटर), पीएच संख्या 21, वार्ड संख्या 1, ग्राम पंचायत बेदिया गांवथान आबादी, ग्राम बेदिया, तहसील सनावद, जिला खरगोन, मध्य प्रदेश - 451113। सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में बाबू मुरार जी का मकान, पश्चिम में सड़क, उत्तर में सड़क, दक्षिण में रमेशचंद्र दुबे का मकान। |
| 2. | (ऋण खाता संख्याः LNMEUJN000120275 (पुराना) 80300005891559 (नया) (उज्जैन शाखा) श्री सोदन सिंह (ऋणकर्ता) श्रीमती फुन्दा बाई (सह-ऋणकर्ता) | 09.12.2025 रु. 27,32,433/- (03.12.2025 तक) | प्लॉट संख्या 81-के पर स्थित आवासीय संपत्ति का पूरा टुकड़ा और पार्सल, जिसका क्षेत्रफल 2142 वर्ग फुट (अर्थात 199.07 वर्ग मीटर) है, ग्राम - हिंदोलिया, पी.एच. संख्या 07, तहसील - सांवेर, जिला - इंदौर, मध्य प्रदेश 453551, जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में श्री टिकाराम का मकान, पश्चिम में कॉमन रोड, उत्तर में श्रीमती कालाबाई का मकान, दक्षिण में कॉमन रोड। |
| 3. | (ऋण खाता संख्याः LNMESD1000146041 (पुराना) 80300005838071 (नया) (सनावाद शाखा) LNMEIN1000099435 (पुराना) 80300005660892 (नया) (इंदौर शाखा) श्री साजिद खान (ऋणकर्ता) श्रीमती रुबाना खान (सह-ऋणकर्ता) | 09.12.2025 रु. 20,18,186/- (03.12.2025 तक) | पश्चिम निमार जिले के खरगोन तहसील, कसरावद, मध्य प्रदेश 451228 के ग्राम पंचायत पीपलगोन के पटवारी हल्का क्रमांक 70 में स्थित मकान क्रमांक 370, जिसका क्षेत्रफल 1200 वर्ग फुट है, सहित वह आवासीय संपत्ति, जिसमें भूमि और भवन शामिल हैं, पूर्व में मंसूर खान का मकान, पश्चिम में सड़क, उत्तर में सड़क और दक्षिण में धर्मेंद्र वर्मा का मकान है। |
| 4. | (ऋण खाता संख्याः LNMERTL000084754 (पुराना) 80400005808440 (नया) (रतलाम शाखा) श्री नरेंद्र पाटीदार (ऋणकर्ता), श्रीमती अनीता पाटीदार (सह-ऋणकर्ता) | 08.12.2025 रु. 38,98,507/- (03.12.2025 तक) | माधोपुरा, सर्वे संख्या 31/3, पटवारी हल्का संख्या 18 मध्य प्रदेश -456776, जिला उज्जैन, तहसील बड़नगर, में स्थित दुकान/गोदाम का वह पूरा टुकड़ा/गोदाम, जिसका क्षेत्रफल 1260 वर्ग फुट (अर्थात 117.14 वर्ग मीटर) है, निम्नलिखित सीमाओं से घिरा हुआ हैः उत्तरः डॉ. मेहता का अस्पताल, दक्षिणः सरला कुंवर की संपत्ति, पूर्वः रुनिजा-बड़नगर रोड, पश्चिमः समीरमल की दुकान। |
| 5. | (ऋण खाता संख्याः LNMESD1000154331 (पुराना) 80300005838940 (नया) (सनावाद शाखा) श्री जीवन जाट (ऋणकर्ता) श्रीमती रीना जाट (सह-ऋणकर्ता) | 08.12.2025 रु. 20,08,129/- (03.12.2025 तक) | पटवारी हल्का क्रमांक 29, आबादी खसरा क्रमांक 155 में स्थित भूमि और भवन सहित आरसीसीसी मकान वाली वह संपत्ति, जिसका कुल क्षेत्रफल 3300 वर्ग फुट (अर्थात 306.69 वर्ग मीटर) है, ग्राम कटकुट, तहसील बरवाह और जिला खरगोन, मध्य प्रदेश-451115 में स्थित है। इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: उत्तरः सूरजप्रताप जाट और श्यामलाल कान्हाजी का मकान, दक्षिणः बाबूलाल रामचरण कान्हाजी का मकान और मंदिर की भूमि, पूर्वः हेमू कान्हाजी का मकान, पश्चिमः साझा सड़क। |
| 6. | (ऋण खाता संख्या) LNMEIN1000075540 (पुराना) 80400005656333 (नया) LNMEIN1000126634 (पुराना) 80300005666905 (नया) (इंदौर शाखा) श्री हीरालाल पुत्र सिताराम उपनाम श्री हीरालाल दोगायन (उधारकर्ता) श्रीमती ममता बाई, श्रीमती रोशनी, श्री रामकृष्ण पुत्र श्री हीरालाल दोगायन (सह-उधारकर्ता) | 09.12.2025 रु. 29,29,255/- (03.12.2025 तक) | मकान संख्या 207, क्षेत्रफल 800 वर्ग फुट (74.34 वर्ग मीटर), वार्ड संख्या 04, पटवारी हल्का संख्या 06, ग्राम - रहाद कोट, तहसील सनावद, जिला - खरगोन, मध्य प्रदेश 451113, की सभी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में रामेश्वर पुत्र केशव जी का मकान, पश्चिम में सोमनाथ पुत्र ईश्वर का मकान, उत्तर में ओमप्रकाश पुत्र मिश्री लाल का मकान, दक्षिण में साझा सड़क |
| 7. | (ऋण खाता संख्याः LNMEIN3000160524 (पुराना) 80300005757974 (नया) LNMEIN3000111648 (पुराना) 80300005748620 (नया) (इंदौर शाखा) श्री हबीब पुत्र आजम (ऋणकर्ता) श्रीमती अकिला बी उर्फ अकिला बाई पत्नी हबीब (सह-ऋणकर्ता) | 08.12.2025 रु. 83,43,541/- (04.12.2025 तक) | मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के देपालपुर तहसील के गौतमपुरा जिले के धर्मात गांव में स्थित 9580 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाली वह संपत्ति, जिसकी भूमि का क्षेत्रफल सर्वे संख्या 546/3, 546/4, 552/1/मिन-2, पी.एच. संख्या 03 (नया नंबर 08) है, की सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में श्री भवार सिंह का मकान, पश्चिम में तोसिब की गली, उत्तर में श्री आजम की भूमि और दक्षिण में मुख्य सड़क। |

यदि उक्त उधारकर्ता सीजीसीएल को पूर्वोक्त भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो सीजीसीएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अंतर्गत उपरोक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करेगा, जिसकी लागत और परिणामों का जोखिम पूरी तरह से उक्त उधारकताओं का होगा। अधिनियम के तहत, उक्त उधारकताओं को सीजीसीएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना, बिक्री, पट्टे या अन्यथा, उपरोक्त परिसंपत्तियों को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अधिनियम के तहत बनाए गए एक्टर नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, उसे अधिनियम के तहत कारावास और/या दंड का सामना करना पड़ेगा।

**स्थानः खरगोन, इंदौर, उज्जैन**
**दिनांकः 31/12/2025**

**एसडी/- (प्राधिकृत अधिकारी)**
**कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (सीजीसीएल ) के लिए**